| दिनांक 25.09.2025 |
|---|
| मिशन शक्ति प्रेस विज्ञप्ति 02/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## सुरक्षित महिला, सशक्त प्रदेशः मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत गुमशुदा/भटके हुये बच्चों/बालिकाओं/महिलाओं की बरामदगी

**मा० मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से **मिशन शक्ति 5.0** अभियान के अंतर्गत अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त के क्रम में **पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश श्री राजीव कृष्णा** के निर्देशन में प्रदेश भर में पुलिस द्वारा **मिशन शक्ति 5.0** अभियान के अंतर्गत बच्चियों/बालिकाओं के विरूद्ध अपराधों में संलिप्त अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी, गुमशुदा/भटके हुये बच्चों/बालिकाओं/महिलाओं की बरामदगी एवं आपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत प्रभावी पैरवी करते हुये शीघ्रातिशीघ्र कठोर सजा दिलाये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

**मिशन शक्ति 5.0** के अंतर्गत चलाये गये अभियान के तहत दिनांकः 22.09.2025 से दिनांकः 25.09.2025 तक अलग–अलग जनपदों की महिला शक्ति केन्द्रों की टीमों द्वारा अथक प्रयास करते हुये **12 गुमशुदा/भटके हुये बच्चों/बालिकाओं/महिलाओं की बरामदगी** की गयी।

**कमिश्नरेट लखनऊ/थाना जानकीपुरम**

थाना क्षेत्र के भवानी बाजार पर म0उ0नि0 शिवानी वर्मा मय म0कां0 0719 निवा ड्यूटी पर मौजूद थी। ड्यूटी के दौरान लगभग 03 वर्ष की एक बच्ची रोते हुए मिली, जिसने अपना नाम बताया। पुलिस कर्मियों द्वारा तत्परता दिखाते हुए बच्ची के परिजनों की तलाश की गई। खोजबीन के उपरान्त बच्ची को उसके परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द किया गया।



**<u>जनपद अमरोहा/थाना गजरौला</u>**

दिनांक 24.09.2025 को थाना गजरौला क्षेत्रान्तर्गत एक छोटा बच्चा, जो अपनी नानी के यहाँ मौ० नवादा रोड, सुलतानगर, थाना गजरौला, जिला अमरोहा में खेल रहा था, मेकडी होटल गजरौला के पास खेलते–खेलते गुम हो गया था, जिसको गजरौला पुलिस द्वारा सीसीटीवी/सर्विलांस आदि के माध्यमों से जानकारी प्राप्त कर अथक प्रयास करते बच्चे को सकुशल बरामद कर बच्चे के पिता अहमद निवासी शहबाजपुर डोर को सुरक्षित रूप से सुपुर्द करते हुये बच्चे को थाने से सकुशल रवाना किया गया।




**<u>जनपद बरेली/थाना भमोरा</u>**

थाना भमोरा क्षेत्रान्तर्गत गाँव खेड़ा के पास लगभग 06 वर्षीय एक बालिका, जो मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण अपने घर से बिना बताये पड़ोसी गाँव में चली गयी थी, महिला सुरक्षा टीम को गश्त भ्रमण के दौरान मिली। बालिका अपने माता–पिता का नाम बताने में असमर्थ थी। महिला सुरक्षा टीम द्वारा त्वरित प्रयास कर बालिका के परिजनों की तलाश की गयी। खोजबीन उपरान्त यह ज्ञात हुआ कि बालिका सौरव शर्मा निवासी ग्राम धमोरा की पुत्री है। तत्पश्चात् महिला सुरक्षा टीम द्वारा बालिका को सकुशल उसके पिता को उनके घर पर सुपुर्द कर दिया गया।



**जनपद बलरामपुर/थाना रेहरा बाजार**

थाना रेहरा बाजार, जनपद बलरामपुर के हुसैनाबाद ग्रांट चौकी क्षेत्रान्तर्गत दौलताबाद ग्रांट में एक अज्ञात बालिका घूमते हुए मिली। ग्राम प्रधान द्वारा पुलिस को सूचना देने पर, थाना रेहरा बाजार की टीम ने बालिका को अपने सुपुर्दगी में लिया। बालिका से पूछताछ की गई, लेकिन वह मानसिक रूप से परेशान लग रही थी और अपनी कोई जानकारी स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रही थी। तत्पश्वात् बालिका को महिला आरक्षी अर्चना दीक्षित को सुपुर्द कर वन स्टॉप सेंटर भेजा गया।

थाना पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुये मानवीय संवेदना का परिचय देते हुये उसके परिजन का पता लगाने का प्रयास किया गया , पता चला कि बालिका सिद्धार्थनगर जिले के बढ़नीचापा, थाना भवानीगंज की निवासी है। स्थानीय पुलिस द्वारा समस्त विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये बालिका को उसके पिता बाबादीन के सुपुर्द किया गया।




**जनपद पीलीभीत/थाना सुनगढी**

दिनांक 22.09.2025 को थाना सुनगढ़ी के महिला सुरक्षा केंद्र पर श्री नन्द किशोर जोशी, पुत्र श्री मूलचंद्र जोशी, निवासी टीपी नगर, काशीराम कॉलोनी, थाना सुनगढ़ी, जनपद पीलीभीत द्वारा सूचना दी गई कि उनकी पुत्री घर से गायब हो गई है। सूचना प्राप्त होने पर **महिला शक्ति टीम थाना सुनगढ़ी** द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये उपलब्ध संसाधनों का सहयोग लेकर गुमशुदा की तलाश प्रारम्भ कर दी गई। रात्रि लगभग 12.00 बजे गुमशुदा को सकुशल बरामद कर उसकी माता को सुपुर्द किया गया।



<u>**जनपद मुरादाबाद थाना नागफनी**</u>

थाना नागफनी पुलिस टीम द्वारा भ्रमण के दौरान रामलीला मैदान के पास एक गुमशुदा बच्चा पाया गया। बच्चा अपना नाम और पता नहीं बता पा रहा था। एम0एस0टी0 टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बच्चे के परिवार का पता लगाया। उसके माता और पिता श्री रिजवान, निवासी नबावपुरा, धाना नागफनी, जनपद मुरादाबाद से संपर्क कर बच्चे को सुरक्षित सुपुर्द किया गया।




<u>**जनपद बरेली/थाना हाफिजगंज**</u>

थाना हाफिजगंज क्षेत्रान्तर्गत मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत भ्रमण के दौरान महिला हे0कां0 रूपदेई को एक बुजुर्ग महिला गुलशन मिली, जो अपना रास्ता भटक गयी थीं। महिला हेड कांस्टेबल रूपदेई द्वारा भटकी हुयी महिला से संवेदनापूर्ण वार्ता की गयी, जिससे उसके घर के पते की जानकारी होने पर उक्त महिला हेड कान्सटेबिल द्वारा मानवता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुये बुजुर्ग महिला को ऑटो में बैठाकर सकुशल उनके घर तक पहुँचाया गया।



**जनपद संतकबीरनगर/ थाना धनघटा**

दिनांक 22.09.2025 को पीड़िता ज्ञानवती देवी पत्नी राहुल राव, निवासी दुल्लापुर, थाना धनघटा, जनपद संतकबीरनगर ने घरेलू वाद–विवाद और पैसों के लेन–देन को लेकर तनाव की स्थिति में अपने घर से अपनी छोटी बच्ची को लेकर विडहरघाट पुल पर चली गई। पीड़िता ने बच्ची को पुल पर छोड़कर खुद नदी में कूदने का प्रयास किया।

मौके पर राहगीरों से सूचना मिलने पर थाना धनघटा की म0का0 सीता यादव एवं हे0 का0 अशोक प्रसाद तत्काल विडहरघाट पुल पर पहुँचे। उन्होंने पीड़िता को समझा–बुझाकर नदी में कूदने से रोक लिया और सुरक्षित चौकी ले जाकर पीड़िता को संभाला। तत्पश्चात पीड़िता के परिजनों और ग्राम प्रधान को सूचना दी गई। कुछ समय पश्चात परिजन एवं ग्राम प्रधान मौके पर पहुँचे। श्रीमान थाना प्रभारी के समक्ष दोनों पक्षों को बुलाकर संवाद के माध्यम से पीड़िता और परिवार के बीच आपसी मतभेद का समाधान कराया गया। अंततः पीड़िता ज्ञानवती देवी को सुरक्षित रूप से उनकी सास और ग्राम प्रधान के सुपुर्द किया गया। वर्तमान में पीड़िता की मानसिक स्थिति सामान्य है और कोई विवाद नहीं है।

इस घटना में **मिशन शक्ति टीम की तत्परता** और संवेदनशीलता ने न केवल एक महिला और उसकी बच्ची की जान बचाई, बल्कि परिवार के बीच शांति स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




**जनपद बलिया/थाना बांसडीहरोड**

मिशन शक्ति टीम द्वारा परिजनो से नाराज होकर बिना बताये घर छोड़कर जा रही 02 नाबालिग लड़कियों को बरामद कर उनके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।

मिशन शक्ति टीम थाना बांसडीह रोड द्वारा महिलाओं तथा बच्चियों को सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के बारे मे जागरुक करने के उपरान्त थाने की तरफ लौटते समय रास्ते में टकरसन के पास दो नाबालिग लड़कियां जा रही थी, जिनसे पूछताछ करने पर दोनों लड़कियां घबराने लगी तभी

म0का0 द्वारा शालीनता से नाम पता पूछा गया तो दोनों लड़कियां निवासीगण भीखपुर थाना बांसडीह रोड जनपद बलिया की रहने वाली बतायी, पूछताछ करने पर दोनो लड़कियो द्वारा बताया गया कि हम दोनो अपने माता–पिता से नाराज होकर अपने घर से बलिया स्टेशन जा रहे है। लड़कियो के घर वालो से जरिए दूरभाष वार्ता किया गया और थाने पर बुलाया गया उपरोक्त दोनों लड़कियों को म0का0 के साथ थाने पर सकुशल महिला शक्ति केन्द्र में बैठाया गया तथा उपरोक्त दोनों लड़कियों के परिजनो के आने के उपरान्त दोनो लड़कियों को सकुशल उनके परिजनों को सुपुर्द कर घर भेजा गया।




**<u>जनपद बस्ती/महिला थाना</u>**

प्रभारी निरीक्षक डॉ शालिनी सिंह महिला थाना जनपद बस्ती द्वारा दिनांक 22.09.2025 को रात्रि के समय लगभग 8:30 पर क्षेत्र भ्रमण में अपनी टीम के साथ निकली थी कि महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए भ्रमण के दौरान रेलवे स्टेशन पर एक संदिग्ध अवस्था में महिला घूमती हुई मिली। उक्त महिला को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना द्वारा अपनी टीम के साथ उस महिला के पास गई और काफी पूछताछ के दौरान उस महिला ने बताया कि मैं अपने घर वालों से नाराज होकर आत्महत्या करने जा रही हूं। पीडिता के बातों को सुनकर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना जनपद बस्ती द्वारा अपनी टीम के साथ उस महिला को महिला थाना जनपद बस्ती पर लाया गया और उसको खाना पानी खिलाकर उस महिला को काफी समझाया बुझाया गया।

पूछताछ के दौरान महिला द्वारा अपना नाम व पता बताया। प्रभारी निरीक्षक द्वारा पीड़िता के परिजनों से संपर्क कर उसके परिजनों को बुलाया गया और उपरोक्त गुमशुदा महिला को उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। उपरोक्त महिला के परिजनों द्वारा बस्ती पुलिस के प्रति बेहद आभार प्रकट किया गया।



<u>जनपद महराजगंज/थाना कोतवाली</u>

आवेदिका मैनावती देवी द्वारा सूचना दिया गया कि इनकी दो बेटियां उम्र 05 वर्ष व उम्र 10 वर्ष पढ़ने गयी थी, किन्तु स्कूल बन्द होने बाद भी घर नहीं लौटी, कहीं गायब हो गयी। इस सूचना पर थानें पर गठित मिशन शक्ति केन्द्र के अधिकारी व कर्मचारी द्वारा आवेदिका को ढाढस दिलाते हुए मय टीम सहित प्राथमिक विद्यालय पहुँचकर उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया गया व कक्षाध्यापक से पूछताछ किया गया। तत्पश्चात मिशन शक्ति टीम द्वारा काफी प्रयास कर दोनों बालिकाओं को उसके सहेली के घर से सकुशल बरामद करते हुए बालिकाओं के परिजन को सुपुर्द किया गया।



**जनपद मऊ/थाना दोहरीघाट**

दिनांकः 23/24.09.2025 को रात्रि में थाना दोहरीघाट पर गठित मिशन शक्ति केन्द्र को रात्रि गस्त के दौरान कस्बा दोहरीघाट में पुलिस बूथ के पास 03 नाबालिक बच्चियां संदिग्ध हालत में इधर उधर भटकती हुयी मिली। पुलिस टीम द्वारा नाबालिक बच्चियों से नाम पता पूछा गया। पूछने पर बच्चियों ने बताया कि वह अपने घर से नाराज होकर कही जाने के लिये साधन की तलाश कर रही थी। मिशन शक्ति केन्द्र पुलिस टीम द्वारा प्रभारी निरीक्षक के साथ मिलकर बच्चियों के परिजनों का नाम व पता सोशल मीडिया/उ0प्र0 पुलिस द्वारा विकसित किये गये सी प्लान एप के माध्यम प्राप्त कर परिजनों को थाने पर बुलाकर उन्हें समझा बुझाकर उन्हें सुपुर्द किया गया।



**पुलिस महानिदेशक उ0प्र0** द्वारा गुमशुदा/भटके हुये बच्चों/बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षित बरामदगी कर उनके परिजनों तक पहॅुचाने में पुलिस कर्मियों द्वारा प्रभावी एवं त्वरित प्रयासों की प्रशंसा की गयी।